कपूरथला-फगवाड़ा सवेरा टाइम्स
» सुल्तानपुर लोधी » नडाला » भुलत्थ » द्यालपुर
दैनिक सवेरा टाइम्स
facebook /dainiksavera
twitter /saveratimes
www.saveratv.in
DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR
www.dainiksaveratimes.com
जालंधर, बुधवार, 13 सितम्बर 2023

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने आई.टी.सी में लगाया जागरूकता कैंप

सवेरा न्यूज/ रविंदर

कपूरथला, 12 सितंबर : कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आईटीसी लिमि. कपूरथला में एसिक जागरूकता व आधार सीडिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप निदेशक प्रभारी सुनील कुमार यादव द्वारा बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी के सभी हितलाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाए जैसे कि आई.पी पोर्टल से बीमारी हितलाभ, विस्तृत बीमारी हितलाभ, अस्थायी अपंगता तथा मातृत्व हितलाभ ऑनलाइन दावा प्रस्तुत करने हेतु इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक से बताया। उनके साथ निगम सहायक निदेशक दिलवर सिंह ने आधार सीडिंग, आधार को आभा से जोड़ने व उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी व बीमाकृत व्यक्तियों को आधार सीडिंग के लिए प्रेरित किया। उसके अलावा अधीक्षक रमेश लाल, शाखा प्रबंधक शाम सुंदर व समाजिक सुरक्षा अधिकारी दीपक ने भी बीमाकृत व्यक्तियों को संबोधन किया। इस मौके पर सीनियर मैनेजर लविश मल्होत्रा, मैनेजर आशीष शर्मा व फैक्टरी मैनेजर अमरेश सिंह द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रयास की सराहना की। कैंप को संबोधित करते एच.आर. प्रबंधक आशीष शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन करना कर्मचारी राज्य बीमा निगम की एक अच्छी पहल है, जिससे बीमति व्यक्ति को निगम की विभिन्न योजनाओ के प्रति जागरुकता प्राप्त होती है। उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर करने का आग्रह किया।

जागरुकता कैंप को संबोधित करते विशेषज्ञ अधिकारी।